ईमेल

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सागर (म.प्र.)

विविध आदेश

क्रमांक–107/(एक–दो–01)07 सागर, दिनांक 05.12.2024

मैं महेश कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सागर कार्यविभाजन आदेश क्रमांक 33/(एक–दो–01)07 दिनांक 10.04.2024 एवं प्रभार आदेश क्रमांक 34/(एक–दो–01)07 दिनांक 10.04.2024 में सिविल कोर्ट अधिनियम, 1958 की धारा 15 की उपधारा (1) एवं धारा 21 (4) तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 214, 422 (2) और धारा 441 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पूर्व में जारी आदेशों को अधिभावी रूप से अधिष्ठित करते हुये निम्न आंशिक संशोधन करता हूँ।

क्र	न्यायालय का नाम व स्थान (02)	क्षेत्राधिकार (03)	प्रकरण का प्रकार, जिनकी सुनवाई कर निराकरण किया जाना है (04)
1.	**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड खुरई सौम्या विजयवर्गीय**	तहसील मुख्यालय खुरई व मालथौन	***व्यवहार प्रकरण*** 1. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण। 2. तहसील खुरई से उत्पन्न ऐसे सिविल वाद प्रकरण जिनका मूल्यांकन **5,00,001/– अंकन पांच लाख एक रूपये से 25,00,000/– अंकन पच्चीस लाख रूपये** एवं **50,00,001/– अंकन पचास लाख एक रूपये से 1,00,00,000/– अंकन एक करोड़ रूपये** तक का हो एवं उनसे उत्पन्न होने वाली विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां । 3. तहसील खुरई में पूर्व में पदस्थ रहे समस्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड खुरई द्वारा निराकृत प्रकरणों से उत्पन्न विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां 4. तहसील मालथौन से संबंधित ऐसे सिविल वाद प्रकरण जिनका मूल्यांकन **1/– एक रूपये से 1,00,00,000/– अंकन एक करोड़ रूपये** तक का हो एवं उनसे उत्पन्न होने वाली विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां 5. तहसील मालथौन से संबंधित मुस्लिम विधि के अंतर्गत विवाह विच्छेद एवं वैवाहिक पुर्नस्थापना से संबंधित प्रस्तुत होने वाली याचिकायें एवं वाद पत्र। 6. श्रृंखला न्यायालय मालथौन से संबंधित समस्त प्रकार के प्रकरण जो कि व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/कनिष्ठ खण्ड के सुनवाई योग्य हों व कार्यविभाजन पत्रक में उल्लिखित न हों। 7. श्रृंखला न्यायालय मालथौन द्वारा निराकृत प्रकरणों से उत्पन्न विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां
2.	**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सागर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश सागर श्री रोहित शर्मा**	जिला मुख्यालय सागर एवं तहसील राहतगढ़	***व्यवहार प्रकरण*** 1. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर द्वारा समय–समय पर अंतरित किये जाने वाले प्रकरण 2. माह **फरवरी–मार्च 2025** में प्रस्तुत होने वाले रूपये **1/– अंकन एक रूपये से रूपये 5,00,000/– अंकन पांच लाख रूपये** तक के सिविल प्रकरण एवं उनसे उत्पन्न होने वाली विविध एवं निष्पादन कार्यवाहिया तहसील क्षेत्र **राहतगढ़** से संबंधित ऐसे सिविल वाद प्रकरण जिनका मूल्यांकन **1/– अंकन एक रूपये से 5,000,00/– अंकन पांच लाख रूपये** तक के सिविल प्रकरण एवं उनसे उत्पन्न होने वाली विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां।

			3. तहसील राहतगढ़ से संबंधित **मुस्लिम विधि** के अंतर्गत विवाह विच्छेद एवं वैवाहिक पुर्नस्थापना से संबंधित प्रस्तुत होने वाली याचिकायें एवं वाद पत्र। 4. श्रृंखला न्यायालय राहतगढ़ से संबंधित समस्त प्रकार के प्रकरण जो कि व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड के सुनवाई योग्य हों व कार्यविभाजन पत्रक में उल्लिखित न हों। 5. श्रृंखला न्यायालय राहतगढ़ द्वारा निराकृत प्रकरणों से उत्पन्न विविध एवं निष्पादन कार्यवाहियां

प्रभार आदेशः–

क्र.	न्यायालय का नाम	अनुपस्थिति में आवश्यक कार्यभार वाले न्यायालय का नाम
1.	व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड **श्रृंखला न्यायालय राहतगढ़** जिला सागर	**प्रथम प्रभार**– प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सागर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश सागर **द्वितीय प्रभार–षष्ठम्** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर । **तृतीय प्रभार–तृतीय** व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सागर। **तत्पश्चात्** अंतिम प्रभारी के पदक्रम के उत्तरवर्ती क्रमांक के व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, सागर ।

नोटः– 1. उक्त संशोधन के अतिरिक्त शेष कार्यविभाजन/प्रभार आदेश यथावत रहेगा।

(महेश कुमार शर्मा) 05/12/2024
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सागर (म.प्र.)

पृष्ठाकंन क्रमांक 7144 (एक–दो–01)07 सागर दिनांकः 05.12.2024

प्रतिलिपिः–

1. समस्त न्यायाधीशगण जिला स्थापना सागर ।
2. ऑब्जेक्शन क्लर्क, पंजीयन अनुभाग सागर।
3. निष्पादन लिपिक/प्रस्तुतकार प्रधान जिला न्यायाधीश, सागर
4. अध्यक्ष, अभिभाषक संघ सागर/मालथौन/खुरई।

की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ अग्रेषित।

05/12/2024
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
सागर (म.प्र.)